कार्यालय, नियंत्रक नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान) मध्यप्रदेश, भोपाल

होशंगाबाद रोड़, गायत्री मंदिर के पास, भोपाल, पिन - 462011
Tel. 0755-2551017, 2551021 Email-cwmbho@mp.nic.in

क्रमांक 3159 /नातौ/अ-1(1)/2019 भोपाल, दिनांक: 28/08/2019

प्रति,

समस्त उप / सहायक नियंत्रक / निरीक्षक,
नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान), मध्यप्रदेश

विषय :- ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा विधिक मापविज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुएं) नियम, 2011 के अनुसार घोषणाएं करना।

संदर्भ :- कार्यालयीन पत्र क्र. 2971/नातौ/अ-1(1)/2019 दिनांक 08.08.2019.

----- 00 -----

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र से ई-कॉमर्स संस्थाओं द्वारा ऑनलाईन विक्रय की जाने वाली सामग्री के संबंध में डिजीटल एवं इलेक्ट्रानिक् नेटवर्क पर भी विधिक मापविज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुएं) नियम, 2011 के नियम 6 के उप नियम (10) का पालन किये जाने बाबत अवगत कराया गया था।

उपरोक्त निर्देश के परिपेक्ष में लेख है कि ऑनलाईन विक्रय करने वाली ई-कॉमर्स संस्थाओं की वेबसाईट का अवलोकन करें व देखे कि उनके द्वारा विधिक मापविज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुएं) नियम, 2011 के नियम 6 (10) के प्रावधानों का पालन किया जा रहा है या नहीं ?

यदि संस्था द्वारा उक्त प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है तो उसके विरूद्ध नियम के उल्लंघन पर कार्यवाही करें।

(एस.के. जैन)
नियंत्रक
नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान)
म.प्र. भोपाल